ज्योतिकण 26 दिसम्बर 2011

अंबाला हैल्थकेयर एवं वैल्फेयर सोसायटी द्वारा लगाये गये विशाल चिकित्सा शिविर के दूसरे दिन भी 550 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई

रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने किया चिकित्सा शिविर का उद्घाटन, आज शक्तिरानी शर्मा भी आज चिकित्सा शिविर में मरीजों से बातचीत करने पहुंची

अंबाला (पारस शर्मा) अम्बाला हैल्थकेयर एवं वैल्फेयर सोसायटी द्वारा पंचायत भवन अम्बाला शहर में हृदय और दिमाग की बिमारियों की जांच के लिए लगाये गये विशाल चिकित्सा शिविर के दूसरे दिन भी 550 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दो दिवसीय शिविर में 500 से अधिक मरीजों की ईसीजी, ईको की जांच की गई तथा शिविर मे आने वाले सभी मरीजों का रक्तचाप और ब्लड शुगर भी जांचा गया। आज हरियाणा बाल कल्याण परिषद की वाईस चेयरपर्सन श्रीमती शक्ति रानी शर्मा ने शिविर का दौरा किया और शिविर के बारे में मरीजों और चिकित्सकों से जानकारी प्राप्त की।

पंचायत भवन अंबाला शहर में लगाए गए चिकित्सा शिविर में विधायक विनोद शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शक्तिरानी शर्मा मरीजों से बातचीत करते हुए। छाया: ज्योतिकण

हृदय रोग विशेषज्ञ डा0 के.पी. सिंह ने श्रीमती शक्ति रानी से बातचीत के दौरान कहा कि हृदय संबधी विमारियों से लम्बे समय तक स्वस्थ्य रहने के लिए दवाईयों की बजाय व्यक्ति को अपने खान-पान और नियमित दिनचर्या अपनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सक द्वारा जांच के उपरांत दवाईयां देने के बावजूद यदि कोई व्यक्ति अपना खान-पान और दिनचर्या नहीं सुधारता तो लम्बे समय से हृदय घात से सुरक्षित नहीं रह सकता। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए नियमित रूप से खुली हवा में सैर करना भी जरूरी है ताकि फेफड़ों और हृदय को पर्याप्त ऑक्सीजन मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि व्यक्ति को व्यर्थ के तनाव से भी बचना चाहिए क्योंकि हृदय रोग के मरीजों की बढ़ौतरी का मुख्य कारण तनाव अधिक होना है। उन्होंने कहा कि जनवरी मास के दौरान अम्बाला छावनी में विशाल चिकित्सा शिविर लगाने का कार्यक्रम तय किया गया है और इस शिविर में लोगों के सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों को भी आमंत्रित किया जायेगा। इस अवसर पर डीएफओ जगमोहन शर्मा, एसडी गौतम, सिविल सर्जन डा0 सतीश अग्रवाल, कांग्रेस नेता अरूण गर्ग, परमिन्द बबला, युवा कांग्रेस नेता बिजेन्द्र गिल, नरमैल सिंह खैरा, सुधीर कौशल गोल्डी, मुकेश जोशी, पंचराम, नरेश सहगल, राजकुमार गुप्ता, रविन्द्र गुप्ता, भारत रत्न शर्मा, एडवोकेट रमन शर्मा, नैब सिंह सैनी, अशोक बुंदी, लखविन्द लक्की, बिट्टु सिंह सहित काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।